प्राचार्य का कार्यालय, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर

ज्ञापांकः–................................./   मुजफ्फरपुर, दिनांकः................................../

कार्यालय आदेश

अधोहस्ताक्षरी के अध्यक्षता में गठित एकेडमिक काउंसिल की बैठक प्राचार्य कार्यालय के ज्ञापांक 23/22, दिनांक 19.01.2022 के आलोक में दिनांक 21.01.2022 को 1 बजे अपराहन से प्राचार्य प्रकोष्ट में आयोजित की गयी । उक्त बैठक में इस चिकित्सा महाविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहें । बैठक में लिये गये निर्णय निम्न प्रकार है :–

1. इस चिकित्सा महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं का पठन–पाठन से संबंधित यथा (वर्ग व्यख्यान की तालिका, इन्डोर एवं आउटडोर ट्रेनिंग फैक्लटी सदस्यों के संबंधित ऑनलाईन एवं ऑफलाईन क्लास) सभी पहलुओं पर विचार किया गया। इस संबंध में प्रभारी प्राध्यापक (प्रशासन) डा0 रामाकान्त प्रसाद सह–प्राध्यापक, औषधि विभाग को छात्र व छात्रों एवं चिकित्सक व शिक्षकों से सर्म्पक स्थापित कर गुणवतापूर्ण सुधार हेतु आवश्यक सलाह देगें जिससे जिससे शिक्षा के स्तर को सुदृढ किया जा सकें।
2. प्रभारी प्राध्यापक (प्रशासन) इस स्थापना से संबंधित सभी चिकित्सक/शिक्षकों/कर्मियों का सी.एल. एवं अन्य छुट्टियों का लेखा–जोखा जनवरी 2022 से अपने नियंत्राधीन रखकर अद्यतन रखेगें।
3. डा0 रविन्द्र प्रसाद, विभागाध्यक्ष पी.एस.एम. विभाग को इस संस्थान के परिसर में अवस्थित सभी सरकारी आवास के संबंध में बकाया रहित प्रामाण पत्र निर्गत करने हेतु अधिकृत किया जाता है ।
4. सहायक ईस्टेट ऑफिसर महाविद्यालय परिसर के अन्तर्गत सभी भवनों पार्को के देख–रेख/सौन्द्रीकरण तथा बागवानी एवं नये सुधारों करने हेतु अधिकृत किया जाता है । साथ ही किसी प्रकार के अतिक्रमण के संबंध में प्राचार्य को अवगत करायेगें।
5. सभी वार्डन अपने नियंत्राधीन हॉस्टल/क्वाटर के सभी कमरों/क्वाटरों में रहनेवाले/अनुपस्थित/बंद पडें की अद्यतन सूची से प्राचार्य को अवगत करायेगें । जिसे कॉलेज बेबसाइड पर अपलोड किया जायेगा ।
6. सभी विभागाध्यक्षों द्वारा महाविद्यालय परिसर में किसी भी विवाद का निपटारा प्रजात्रांतिक तरीके से करने पर सहमति बनी है।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः– 34/22   दिनांकः– 22/01/22

प्रतिलिपिः–

1) अधीक्षक, श्री कृष्ण चिकत्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

2) सभी विभागाध्यक्ष/सभी वार्डेन, श्री कृष्ण चिकत्सा महाविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

3) प्रशासन प्रभारी/सभी नोडल पदाधिकारी/बरसर/लेखापाल श्री कृष्ण चिकत्सा महाविद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

4) संबंधित कर्मी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

5) वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन

22/1/22

प्राचार्य

श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्याल,

मुजफ्फरपुर

22/1/22